Plot- 252, 271, 277, 282, 283

Serial No. 3386 Book No. :- 1 Deed No. 3202



बिहार BIHAR 522071

Serial No. 3386 Deed No. 3202

Govt. of Bihar
District Registry Office ,Patna
Summary of Endorsement

This document was presented for registration on 12/02/2013 by Kedar Nath Singh(Agent)
Stamp duty of Rs. 550100/- and other Fees of Rs. 1029/- has been paid in it.
The document was found admissible. The Names, Photographs, Fingerprints and Signatures of the Executants and their Identifier, who have admitted execution before me, are affixed on the reverse page.
The document has been registered as Deed No. 3202 in Book No. 1, Volume No. 69 on pages from 14 to 33 and has been preserved in total 20 pages in C.D. No. 11 / Year 2013

12/2/2013
Signature with Date
(Dhananjay Kumar Rao)
Registering Officer Patna

Date: 12/02/2013 Token No: 3448 /2013


Luv Kush Housing And Construction Private Limited
Mg. Director

विकास एकरारनामा
(Development Agreement)

यह विकास एकरारनामा/उन्नयन मनोबंध आज दिनांक- 08.02.2013 ई० को प्रथम पक्ष एवं द्वितीय पक्ष के बीच निष्पादित किया जाता है।

District Registry Office,Patna

Token Number 3448	Reg. Year 2013	Serial Number 3386	Deed Number 320

PresType	Name	Photo	Thumb	Index	Middle	Ring	Little
Identified By	Vikash Kumar						
Sig.	12/02/13						
Claimant	Jay Prakash(Dir)						
Sig.	Jay Prakash 12/02/13						
Presented By	Kedar Nath Singh (Agent)						
Sig.	7/2/13						
Executant	Kedar Nath Singh (Agent)						
Sig.							
Executant	Saket Kumar Singh (Pri)						
Sig.							
Executant	Shailendra Kumar Singh(Pri)						
Sig.							

(1) प्रथम पक्ष (जमीन मालिक/भूस्वामीगण) :-
श्री केदार नाथ सिंह पिता-स्व0 जुगल किशोर सिंह, निवास स्थान-खाजपुरा, पत्रालय-बिहार भेटनरी कॉलेज, पटना-14, थाना-हवाई अड्डा, जिला-पटना, स्वयं एवं बहैसियत मोख्तार मिनजानिब-श्री साकेत कुमार सिंह पिता श्री केदार नाथ सिंह एवं श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह पिता श्री केदार नाथ सिंह, निवास स्थान- खाजपुरा, पटना-14,जिला-पटना, वर्तमान निवासी-जी. एच.-1, फ्लैट नं0-5सी., गुड़गाँव वन कम्पलेक्स सेक्टर-22, गुड़गाँव एवं एफ-404, लैगुन अपार्टमेन्ट, एम्बियन्स आई-लैण्ड,एन.एच.-8 गुड़गाँव, वजरिये मोख्तारनामाआम रजिस्ट्री दिनांक-29.01.2013ई0 जिसका प्रलेख क्रमांक-1163, वही नं0-4, जिल्द नं0-1,013 के पृष्ठ सं0-90 पर पंजीकृत किया गया तथा इसकी एक अतिरिक्त वही सं0-4, जिल्द नं0-154 के पृष्ठ सं0-70 से 72 पर चिपकाई गयी है जो उप/संयुकत पंजीयक अधिकार गुड़गाँवा द्वारा निबंधित है। जिन्हें आगे भूखण्ड स्वामीगण के नाम से सम्बोधित किया गया है। जिन्हें इसमें प्रथम पक्ष कहा गया है।

(2) द्वितीय पक्ष बिल्डर/डेवलेपर्स/भवन निर्माता :-
मेसर्स लव कुश होम्स एण्ड कन्स्ट्रक्शन प्रा0 लि0, एक कम्पनी जो कम्पनीज एक्ट 1956 द्वारा निबंधित है, जिसका निबंधन संख्या-U45200BR2010PTC015671, पंजिकृत कार्यालय-आकाशवानी रोड,खाजपुरा, पटना-14,द्वारा प्रबंध निदेशक-श्री जय प्रकाश,पिता श्री सीता राम सिंह,निवासी-खाजपुरा, बिचली गली, पत्रालय-बिहार भेटनरी कॉलेज, थाना हवाई अड्डा, जिला-पटना, जिन्हें आगे बिल्डर/डेवलेपर्स/भवन निर्माता के नाम से सम्बोधित किया गया है। जिन्हें इसमें द्वितीय पक्ष कहा गया है।

जमीन का विवरण :-

यह कि जमीन का मौजा-सादिकपुर, महल्ला-सादिकपुर मंगलम कॉलोनी, परगना-फुलवारी,थाना-दानापुर, जिला-पटना के थाना नं0-19(उन्नीस),तौजी नं0-5291,खाता नं0-199, 102,118,119 एवं 122, सर्वे प्लौट नं0-283,271, 252, 277 एवं 282 का अंश जिसका रकवा 50 डिसमिल (पचास डिसमिल) है। प्रथम पक्ष/भूस्वामीगण के रूप में स्वत्व धारित करते हुए निर्विवाद रूप से शांति पूर्वक दखल कब्जे में है। जिसका पूर्ण विवरण इस विलेख की अनुसूची-1 में वर्णित है। जो इस विलेख का भाग है।

यह कि अनुसूची-1 में वर्णित सम्पति भूखंड स्वामीगण का खानदानी वो मौरूसी सम्पति है जिसके निस्वत टाईटिल पार्टिशन सूट नं0-341 वर्ष-1980, वअदालत सब जज-1 पटना में दाखिल किया गया जिसमें श्री केदार नाथ सिंह वगैरह-वादीगण बनाम श्री जुगल किशोर सिंह वगैरह-प्रतिवादीगण हुए। समयोपरांत वादीगण एवं प्रतिवादीगण ने आपस में दिनांक-14.02.1984ई0 को संधि पत्र उक्त न्यायालय में दाखिल किये और संधि पत्र के आधार पर माननीय उक्त न्यायालय ने अन्तिम जय पत्र पारित किये

For Lav Kush Homes And Construction Private Limited
Mg. Director

और संधि पत्र बंटवारा सिड्युल के अनुसार इस विलेख में वर्णित भूखण्ड सहित अन्य सम्पतियाँ भूखण्ड स्वामीगण को खास हिस्सा में मिला और भूखण्ड स्वामीगण अपने-अपने हिस्से सम्पति पर शांति पूर्वक काविज दखिल वो मालिक मुस्तकिल रहते चले आते है तथा भूखण्ड स्वामीगण अपने-अपने हिस्से सम्पति से संबंधित भू-राजस्व रसीद कटवाते चले आते है जिसका जमाबंदी नं0-519 बनाम श्री केदार नाथ सिंह (प्रथम पक्ष सं0-1) एवं जमाबंदी नं0-520 श्री साकेत कुमार सिंह (भूखण्ड स्वामी सं0-2) एवं जमाबंदी नं0-521 बनाम श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह (भूखण्ड स्वामी सं0-3) का दर्ज है। इसतरह भू-स्वामीगण लेख्य सम्पति पर स्वामीगण के रूप में, निर्विवाद रूप से,शांति पूर्वक दखल कब्जे में रहते चले आ रहे हैं और भूखण्ड स्वामीगण जमीन का एकरारनामा करने के लिए सक्षम है एवं सभी तरह के ऋण विभारो से मुक्त सम्पति है।

यह कि उपर वर्णित प्रथम पक्ष जो कि भूखण्ड स्वामीगण हैं तथा वर्णित रकवा के भूखण्ड पर भूखण्ड स्वामीगण का दखल कब्जा शांति पूर्ण ढंग से निर्विवाद रूप से चला आ रहा है एवं भूखण्ड स्वामीगण अपनी स्वेच्छा से अनुसूचि-1 में वर्णित भूखण्ड का रचनात्मक विकाश के साथ-साथ उक्त भूखण्ड पर आवासीय बहुमंजिला भवनों का निर्माण वर्णित भूखण्ड पर करवाने हेतु द्वितीय पक्ष विकासकर्त्ता के साथ यह भूखण्ड निर्माण विकास कार्य एकरारनामा का निष्पादन किया जाता है।

यह कि भूखण्ड निर्माण विकास एकरारनामा के तहत उभय पक्षों के मध्य इस एकरारनामा का निष्पादन आपसी सहमति एवं निर्धारित शर्तो पर किया जाता है।

यह कि उपरोक्त भूखण्ड प्रथम पक्ष की खास वा निजी जमीन है, जो सभी तरह के ऋण भारो जैसे- सरकारी संस्था, गैर सरकारी संस्था, बैंक ऋण, बिजली बिल, व्यक्ति ऋण, भार आदि से मुक्त एवं पाक साफ है।

यह कि उक्त भूखण्ड का मालगुजारी रसीद अंचलाधिकारी कार्यालय से प्रथम पक्ष के नाम से कटता चला आ रहा है अतः उक्त भूखण्ड सभी तरह के वारदैन वगैरह से मुक्त वो पाक साफ है।

यह कि प्रस्तावित बहुमंजिला भवनों का निर्माण भूखण्ड स्वामीगण के जमीन पर होगा। अतः भूखण्ड स्वामीगण अर्थात प्रथम पक्ष को निर्मित संरचना में 45% प्रतिशत Super built up area का द्वितीय पक्ष के द्वारा निर्माण उपरांत दिया जायेगा। दूसरी ओर विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को सम्पूर्ण निर्मित क्षेत्र का शेष 55% प्रतिशत Super built up area होगा इसीतरह भूतल पर पार्किंग में भी 45% प्रथम पक्ष जमीन मालिक को दिया जायेगा तथा 55% विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष का होगा जिसकी सहमति स्वीकृति के साथ प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण को विकासकर्त्ता के द्वारा दी जायेगी इसपर प्रथम पक्ष वो विकासकर्त्ता एवं इनके उत्तराधिकारीगण तथा

Luv Kush Homes And Construction Private Limited
Mg. Director

6/2/13

अन्य किसी को किसी भी तरह की आपत्ति न है और न होगे। उपरोक्त बहुमंजिला भवन का निर्माण कार्य हेतु विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष के साथ दोनो पक्ष के बीच एक प्रस्तावित योजना के अनुरूप निर्धारित शर्तो का पालन करने का वादा कर इस एकरारनामा का निष्पादनार्थ अपनी सहमति देते हैं इसी प्रकार विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण प्रस्तावित योजना के तहत सम्मिलित रूप से बहुमंजिला भवनो का निर्माण कार्य करने के उद्देश्य से राजी हुए हैं।

यह कि पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित) / पटना नगर निगम / सक्षम पदाधिकारी के कार्यालय में दोनो पक्षो विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष वो प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण के द्वारा उस पर प्रस्तावित कन्सट्रक्शन योजना के प्रारूप के लिए आदेश प्राप्ति का आवेदन करने की सहमति दिये है।

उपरोक्त योजना का प्रारूप नक्शे के साथ पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार(विघटित)/पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी के समक्ष योजना प्रारूप की स्वीकृति नक्शे के अनुसार भवन निर्माण कार्य द्वितीय पक्ष अपने खर्च से सूचारू रूप से निर्धारित समय सीमा के भीतर करेंगे।

यह कि भविष्य में यह बहुमंजिली इमारत बनने के बाद अगर पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी से पूर्व बने बहुमंजिली इमारत से उपर या अन्य स्थान पर निर्माण करने की स्वीकृति मिलती है तब इसका निमार्ण कार्य विकास कर्त्ता करेंगे प्रथम पक्ष के सहमती से और जो भी खर्च निर्माण में होगा उसका वहन द्वितयी पक्ष विकासकर्त्ता करेंगे। इस अतिरिक्त निर्माण में भी प्रथम पक्ष का हिस्सा 45% होगा।

विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष एवं भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष के बीच इस एकरारनामा के तहत निम्नलिखित शर्ते होंगे।

1. यह कि उपर वर्णित प्रथम पक्ष अर्थात भूखण्ड स्वामीगण अपने उक्त भूखण्ड को, विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष की नियुक्ति उपर वर्णित भूखण्ड क्षेत्र पर प्रस्तावित योजना एवं बिहार अपार्टमेन्ट स्वामित्व अधिनियम, 2006 के प्रारूप के अनुसार बहुमंजिला भवनो का निर्माण कार्य एक निर्धारित अवधि के अन्दर नियम एवं शर्तो के अनुसार विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष करेंगे।

2. यह कि प्रथम पक्ष अर्थात भूखण्ड स्वामीगण अनुसूची–1 में वर्णित भूखण्ड पर बहुमंजिली इमारत के निर्माण हेतु विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को अधिकार देते हैं कि विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष अपने हस्ताक्षर के द्वारा पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी के

Luv Kush Homes And Construction Private Limited

यहाँ नक्शा स्वीकृति हेतु सभी तरह के आवेदनो/नक्शा पर अपना हस्ताक्षर कर दे सकते हैं तथा नक्शा स्वीकृति कराकर अनुसूची–1 में वर्णित भूखण्ड पर बहुमंजिली इमारत का निर्माण करेंगे भविष्य में यह बहुमंजिली इमारत बनने के बाद पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/पटना नगर निगम/ सक्षम पदाधिकारी से पूर्व में बने बहुमंजिली इमारत से उपर या अन्य स्थान पर निर्माण करने की स्वीकृति के लिए भी संशोधित योजना हेतु विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष अपने हस्ताक्षर के द्वारा पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/ पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी के यहाँ नक्शा स्वीकृति हेतु दे सकते हैं तथा नक्शा स्वीकृति कराकर अनुसुचि–1 में वर्णित भूखण्ड पर पूर्व में बने बहुमंजिली इमारत से उपर या अन्य स्थान पर बहुमंजिली इमारत का निमार्ण विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष करेंगें।

3. यह कि भूखण्ड स्वामीगण/प्रथम पक्ष इस विकास एकरारनामा के द्वारा विकासकर्त्ता/द्वितीय पक्ष को इस एकरारनामा के तत्वधान में विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष के निर्माण कार्यो की प्रगति हेतु अधिकार दिये जाते हैं तथा ये सभी अधिकार विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को दिये जाते हैं जिसके अनुसार विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष के द्वारा प्रस्तावित योजना के प्रगति हेतु बहुमंजिला भवनो का निमार्ण करवाने एवं अपने हिस्से क्षेत्र के लिये किसी से एकरारनामा करने, बिक्रय करने, दखल कब्जा देने, लेटर ऑफ पोजिशन देने, तथा विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष के आवंटित हिस्से को निष्पादन हेतु भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष सभी तरह के अधिकार द्वितीय पक्ष को देते हैं एवं विकासकर्त्ता/द्वितीय पक्ष भूखण्ड स्वामीगण/प्रथम पक्ष के आवंटित हिस्सा को इसमें सम्मिलित नहीं करेंगे। क्योंकि भूखण्ड स्वामीगण अपने–अपने हिस्से के निर्मित क्षेत्र एवं परम निर्मित क्षेत्र को अपने–अपने इच्छा अनुसार उपयोग वो उपभोग अथवा बिक्रय, एकरारनामा वगैरह करेंगे। द्वितीय पक्ष अपने खरीदारों को लेटर ऑफ पॉरेजेशन देने के पहले प्रथम पक्ष को उनका हिस्सा का पॉजेशन दे देंगे।

4. यह कि भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष ने अपने भूखण्ड का दखल कब्जा विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को भूखण्ड का विकास बहुमंजिला भवनो का निर्माण कार्य हेतु दे दिया हैं और विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष प्रस्तावित योजना प्रारूप की स्वीकृति पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी से लेंगे विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष विकास एवं निर्माण कार्य की शुरूआत नक्शा पास होने की तिथि के उपरांत निर्माण कार्य की शुरूआत करने के लिए स्वतंत्र होंगे और निर्धारित अवधि के अन्दर निर्माण कार्य को पुरा करने के बाद भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष को विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष उनके आवंटित हिस्से को बनाकर भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष को सुपूर्द करेंगे। विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष इनके उत्तराधिकारी, कार्यालय उत्तराधिकारी एवं

Luv Kush Homes And Construction Private Limited
Mg. Director

प्राधिकृत एजेन्ट एवं चयनित उत्तराधिकारीगण भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष के हिस्से के आवंटित हिस्से क्षेत्रों के फ्लैटो एवं भूतल पर पार्किंग वो अन्य स्थान की बिक्रय वगैरह नहीं करेंगे। यदि विकासकर्त्ता प्रोजेक्ट का नक्शा पास होने के एक साल के अन्दर विकास कार्य शुरू नहीं करते है तो यह एकरारनामा रद्द माना जायेगा।

5. यह कि इस एकरारनामा के तहत विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को सिर्फ उनको आवंटित हिस्से के निर्मित क्षेत्र से ही सरोकार होगा और भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष के आवंटित हिस्से के निर्मित क्षेत्र से कोई सरोकार या दावा विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष नहीं करेंगें। इस तरह भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष को सिर्फ उनको आवंटित हिस्से के निर्मित क्षेत्र एवं परम निर्मित क्षेत्र से ही सरोकार होगा और विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष के आवंटित हिस्से के निर्मित क्षेत्र में कोई सरोकार या दावा भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष नहीं करेंगे।

6. यह कि इस एकरारनामा के तहत दोनो पक्षो यह भी विश्वास दिलाते हैं कि प्रस्तावित योजना प्रारूप के अनुसार कुल सुपर (परम) निर्मित क्षेत्र मे प्रस्तावित सुविधाओं के साथ भवनो को उपयोग एवं उपभोग आवंटित हिस्से पर स्वयं अथवा उनके उत्तराधिकारीगण अथवा खरीदार वगैरह अथवा सोसाईटी के लिए स्वतंत्र होंगे।

7. यह कि विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष प्रथम पक्ष को विश्वास दिलाते हैं कि प्रस्तावित योजना का नक्शा पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार(विघटित)/पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी से स्वीकृति मिलेन की तिथि से इस प्रारूप के अनुसार का निर्माण कर 04(चार) वर्ष इसके अतिरिक्त छः माह का समय विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को ग्रेस अवधि के रूप में समय विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष द्वारा दिया जायेगा,के भीतर उक्त भूखण्ड पर बहुमंजिला भवनो का निर्माण कर भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष के हिस्से के आवंटित क्षेत्रों के फ्लैटो का निर्माण विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष का पुरा हिस्सा दखल कब्जा दे देंगे वसर्ते की प्राकृतिक अप्रत्याशित घटना आदि निर्माण कार्य में बाधा ना पहुचाए तथा उन प्राकृतिक समयो का निर्माण के लिए निर्धारित अवधि में गणना नहीं की जायगी।

8. यह कि किसी कारण वश जिसके लिए भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष दोषी हो निर्माण कार्य बंद हो जाये या निर्माण कार्य में बाधा हो अथवा सरकारी नीतियों के कारण मुकदमें के कारण या न्यायालय आदेश के तहत निर्माण कार्य ठप हो जाये ऐसी परिस्थिति में विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष का कोई दोष नहीं माना जायेगा, विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष के द्वारा सभी प्रक्रियों को गुजरने में जो समय लगेगा उन सभी समयों को बनाने के लिए जो निर्धारित समय अवधि दी गयी

Luv Kush Homes And Construction Private Limited
Mg. Director

है उसमें गणना नहीं की जायेगी, अगर विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष को प्रस्तावित योजना का नक्शा पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/पटना नगर निगम/ सक्षम पदाधिकारी से स्वीकृति मिलने की तिथि से इस प्रारूप के अनुसार निर्माण कार्य 04 वर्ष 06 माह के समाप्ति के अन्दर भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष के हिस्से का आवंटन नहीं करते हैं तो विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष को बतौर जुर्माना देना होगा। इस जुर्माने की राशि 2000/–रूपये प्रति डिसमिल प्रति माह के हिसाब से होगी जब तक प्रथम पक्ष को उनका हिस्सा नहीं सौप दिया जाता है।

9. यह कि निर्माण कार्य के मार्ग में विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष के द्वारा कार्य सम्पादन हेतु सभी तरह के कानूनी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने का अधिकार होगा पूँजी का समावेश (लोन) विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष अपने हिस्से के 55% प्रतिशत निर्मित क्षेत्र पर लेंगे विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण के विकसित क्षेत्रों पर किसी तरह का बैंक खर्च (लोन) इत्यादि नहीं लेंगे, पूँजी मुहैया हेतु विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष के हिस्से का खरीदार किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्था से आर्थिक ऋण लेने, बुकिंग कार्य/आर्थिक ऋण उगाही सिर्फ अपने 55% प्रतिशत पर ही विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष करेंगे, किसी भी हालत में प्रथम पक्ष का 45% प्रतिशत हिस्सा विकासकर्त्ता बंधक नहीं रखेंगे। प्रथम पक्ष के भूखण्ड को विकासकर्त्ता किसी भी हालत में बंधक नहीं रखेंगे।

10. यह कि द्वितीय पक्ष विकासकर्त्ता की हैसियत से वर्णित भूखण्ड पर निर्माण कार्य करेंगे और सभी अन्य तृतीय पक्ष दावो/विरोधि अथवा कानूनी बाधा / गैर कानूनी बाधा पहुचाने वाले व्यक्तियों अथवा दावेदारों के लिए विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष का साथ देंगे।

11. यह कि प्रस्तावित योजना के तहत भूखण्ड पर निर्माण कार्य प्रारूप नक्शा का स्वीकृति पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी के द्वारा होने के बाद पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी के नियम के अनुसार निर्माण करना पड़ेगा।

12. यह कि इस कॉम्पलेक्स का नाम **खाजपुरा गार्डेन सिटी** होगा जो विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष वो भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष के आपसी सहमति से रखा गया है।

13. यह कि प्रथम पक्ष तथा उनके उत्तराधिकारीगण निर्माण के अवधि में कार्य के समय निर्माण कार्य का निरीक्षण कर सकते हैं और किसी तरह का त्रुटि होने पर बिल्डर से कहकर उसका सुधार करवायेंगे अधिकृत या दैय कार्य बंद करने का अधिकार नहीं होगा। प्रथम पक्ष को अधिकार होगा कि

Luv Kush Homes And Construction Private Limited
Mg. Director

निर्माण की गुणवत्ता और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में कमी को इंगित कर सके एवं उसके सुधार में जो समय विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष लगायेंगे वह निर्धारित अवधि(04 साल 06 माह अतिरिक्त समय) के अन्दर ही होगा न कि इसके अलावे। इसतरह के विलम्ब के लिए प्रथम पक्ष जिम्मेदार नहीं होंगे।

14. यह कि कार्य पुरा होने के बाद विकासकर्त्ता एवं प्रथम पक्ष के द्वारा एक एसोसियेशन सभी सदस्यों का बनाया जायेगा। इस अपार्टमेन्ट में रहने वाले सभी सदस्य एसोसियेशन के सदस्य होगे। सभी सदस्य मिलकर अपार्टमेन्ट का रख रखाव देख भाल करेंगे और इसमे होने वाले खर्च का वहन सभी सदस्य मिलकर अपने हिस्से के अनुसार करेंगे।

15. जब कभी विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष और प्रथम पक्ष को एक दूसरे की आवश्यकता किसी भी तरह के वसीकाओं के निष्पादन में पड़ेगी उनके साथ लेकर उनकी सहमति से किसी भी तिसरे पक्ष के साथ खरीद फरोक्त के लिए स्वामित्व हस्तांतरण हेतु कागजातों पर दोनो पक्ष हस्ताक्षर करेंगे तथा निर्धारित किये गये शेयर्स के मुताबिक आचरण करेंगे।

16. यह कि दोनों पक्षों के बीच यह भी सहमति प्रदान की गयी है कि बहुमुजली इमारत के उपरी छत या अन्य सार्वजनिक (common) जगहो का उपयोग प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण एवं द्वितीय पक्ष विकासकर्त्ता के साथ-साथ अन्य क्रेतागण करेंगे, लेकिन क्रेतागण को उसपर दावा करने का अधिकार नहीं होगा, अगर दावा करते हैं, तो वह दावा इस एकरारनामा के आधार पर अवैधानिक, शून्य, गलत अमान्य वो गैरकानूनी समझा जायेगा और किसी अदालत में सुनवाई के लायक नहीं रहेगा।

17. यह कि अनुसुचि-1 में वर्णित भूखण्ड के सटे/ अगल-बगल के भूखण्ड पर द्वितीय पक्ष विकासकर्त्ता बहुमंजली इमारत बनाने हेतु विकास कार्य एकरारनामा किसी अन्य पक्ष से करते हैं या भूखण्ड खरीदते है तब इस बहुमंजली इमारत के सेट-बैक एरिया या कौमन एरिया को दुसरी बनायी जाने वाली बहुमंजली इमारत के लिए एपरोच रोड/पहुँच-मार्ग/उपागमन सड़क के रूप में करेंगे जिसमें भूखण्ड स्वामीगण को कोई आपत्ति नहीं होगी।

18. प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण वो विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष अपने-अपने हिस्से की निर्मित क्षेत्र में अपना स्वत्वाधिकार सुरक्षित रखेंगे।

19. यह कि दोनो पक्षो के बीच यह भी सहमति हुई है कि अपने-अपने हिस्से के निर्मित क्षेत्र का हस्तांतरण प्रस्तावित

Luv Kush Homes And Construction Private Limited
Mg. Director

8/2/13

क्रेता को सरकारी खर्च स्टाम्प ड्यूटी एवं कोर्ट ड्यूटी एवं रजिस्ट्रेशन ड्यूटी वो अन्य खर्च का वहन क्रेता स्वयं करेंगे।

20. **यह कि बिहार अपार्टमेन्ट स्वामित्व अधिनियम, 2006** की धारा 5 (1), 5 (2) वो अन्य धाराओं के अनुसार प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण को निमार्ण के उपरान्त दिया जाने वाला निर्मित संरचना में 45% प्रतिशत हिस्सा जमीन,फ्लैट, पार्किंग स्थलों इत्यादि में मिलेगा और प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण को अपने 45% प्रतिशत हिस्सा में पूर्ण स्वामित्व रहेगा वो पूर्ण स्वामी के रूप में अपने 45% हिस्सा को व्यवहार में लायेगे या किसी को बिक्री, दान, वसीयत, गिरवी, एकरारनामा इत्यादि करेंगे। इसमें विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को कोई आपत्ति नहीं होगा।

यह कि बिहार अपार्टमेन्ट स्वामित्व अधिनियम, 2006 की धारा 5 (1), 5 (2) वो अन्य धाराओं के अनुसार विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को निमार्ण के उपरान्त दिया जाने वाला निर्मित संरचना में 55% प्रतिशत हिस्सा जमीन, फ्लैट, पार्किंग स्थलों इत्यादि में मिलेगा और प्रथम पक्ष विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को अपने 55% प्रतिशत हिस्सा में पूर्ण स्वामित्व रहेगा वो पूर्ण स्वामी के रूप में अपने 55% प्रतिशत हिस्सा को व्यवहार में लायेंगे या किसी को बिक्री,दान, वसीयत, गिरवी, एकरारनामा इत्यादि करेंगे। इसमें प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण को कोई आपत्ति नहीं होगा।

21. यह कि एकरारनामा दोनो पक्षों के उत्तसधिकारी पर लागू रहेगा।

22. यह कि किसी तरह का विवाद या मतभेद इस डेभलॉपमेन्ट एग्रीमेन्ट के अनुसार उत्पन्न विवाद लाभांश प्रतिशत के संबंध में निर्मित क्षेत्र के लिए प्रथम पक्ष एवं द्वितीय पक्ष के बीच में निष्पादित हुआ उसके लिए निष्पक्ष एवं स्वतंत्र पक्ष (पंच) की नियुक्ति अविट्रेशन एक्ट 1940 एवं अपार्टमेन्ट एक्ट 2006 तथा संशोधित नियम के तहत किया जायेगा।

23. यह कि बिहार अपार्टमेन्ट स्वामित्व अधिनियम 2006 की सभी नियम और शर्ते लागू होंगे।

यह कि इस एकरारनामा में दिये गये प्रावधानो के अतिरिक्त भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष के द्वारा प्राधिकृत कार्यो, क्रियाकलापो, वसीका निष्पादनार्थ विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को दिये जाने वाला अधिकार :–

(I) यह कि विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष इस एकरारनामा के बाद नक्शा बनाकर पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी के यहाँ

Luv Kush Homes And Construction Private Limited
Mg. Director

8/7/13

नक्शा पास कराने हेतु अपने हस्ताक्षर से नक्शा पेश करेंगे और इसमें बदलाव भी नियमानुसार विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष अपने हस्ताक्षर से करेंगे सभी कागजातो, घोषणा-पत्र, शपथ-पत्र इत्यादि पर हस्ताक्षर विकासकर्त्ता नक्शा पास कराने के लिए पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी में जमा कर सके, परमिशन ले सकें और नक्शा पास करवाने तथा परमिशन लेने में जो भी खर्च होगा उसका भुगतान विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष करेंगे इसमें भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष को कुछ नहीं देना होगा।

(II) यह कि विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष द्वारा इस बहुमंजिला इमारत के निर्माण में यह अधिकार होगा कि वह आर्किटेक्ट,सर्वेयर इंजीनियर और ठेकेदार इत्यादि की नियुक्ति अपने अनुसार कर सकें।

(III) यह कि विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष विद्युत कनेक्शन लेने के लिए दरखास्त अपने हस्ताक्षर से देंगे और लोहा, सिमेन्ट इत्यादि को किसी से भी खरीदने के लिए आवेदन-पत्र अपने हस्ताक्षर से दे सकेंगे।

(IV) यह कि विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष अनुसूची-1 में वर्णित भूखण्ड के निस्वत नोटिश इत्यादि प्राप्त कर सके और किसी न्यायालय में मुकदमा, शपथ-पत्र या वसीका दाखिल कर सके और किसी न्यायालय में हाजिर होकर बयान तहरीर वगैरह जमा कर सके और वकालतनामा भी दाखिल कर सके।

(V) यह कि विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष जमीन पर इस एकरारनामा के जरिये खाता खोल सकें ताकि उक्त नक्शा से भवन निर्माण कार्य कर सकें और उनसे जो फ्लैट इत्यादि लेगा वह भी ऋण के लिए बैंक में आवेदन-पत्र दाखिल कर सकें तथा अपने हिस्से के फ्लैट इत्यादि को किसी के यहाँ बंधक रखकर बहुमंजिला इमारते के फ्लैटो इत्यादि का निर्माण कर सकें।

(VI) यह कि भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष इस एकरारनामा के निष्पादन एवं निबंधन के बाद, विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष एवं इनके स्टॉफ, इंजिनियर, आर्टिटेक्ट, एजेन्ट इत्यादि को हरेक तरह के सुविधा प्रदान करेंगे, जैसे उक्त भूखण्ड पर जाने-रहने, प्रचार हेतु बोर्ड लगाने या बिल्डिंग मेटेरियल जमा करने हेतु एवं अन्य विकास पूर्व कार्य, जमीन मापने हेतु इत्यादि।

(VII) यह कि विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष प्रस्तावित योजना के प्रारूप तहत इन योजनाओं में भवन निर्माण कार्य के लिए तैयार करेंगे उसका सुधार भूखण्ड स्वामीगण प्रथम पक्ष के सहमति से करेंगे तथा सभी तरह के योजना प्रारूप की तैयारी विधि संगत होनी चाहिए तथा हस्तान्तरण के वसीकाओं का निष्पादन भी न्याय, विधि संगत करने का अधिकार व सभी आवश्यक क्रियाकलापों की स्वीकृति संबंधित विभागो से करवायेंगे।

Luv Kush Homes And Construction Private Limited
Mg. Director

(VIII) यह कि विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष अपने हिस्से के निर्मित भाग के लिए किसी तरह के एकरारनामा, निर्विवाद बिक्रय–पत्र अथवा भवनो को आवंटित करने किरायानामा पट्टा अभिलेख देने हेतु बांछित राशि लेकर उक्त अभिलेखों का निष्पादन न्याय, विधि संगत, क्रेता (खरीदार) या अन्य के पक्ष में करेंगे।

(IX) यह कि उन सभी कार्यो के लिए विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष स्वतंत्र होगे जिसके द्वारा आवंटन एवं बिक्रय हेतु विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को अपने हिस्से में आवंटित निर्मित क्षेत्र के एवज में बिक्रय संबंधित प्रक्रियाओं के लिए कागजातो का निष्पादन करेंगे।

(X) यह कि प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को अनुसूची–1 में वर्णित भूखण्ड के निस्वत न्याय पूर्ण, विधि संगत कार्य करने हेतु सभी प्रकार के अधिकार देते है।

(XI) एतद् द्वारा प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण घोषित करते है कि विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को इस पत्र के द्वारा प्रदत् अधिकारो के बल पर तथा अन्य अपेक्षित अधिकार जो ऐसे प्रसंग में अपार्टमेन्ट एक्ट के अन्दर आवश्यक है परन्तु उसका उल्लेख इस पत्र में नहीं हो पाया है का भी उपयोग कर जो कुछ भी कार्य करेंगे, वह सभी किया गया कार्य प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण को कानूनी रूप से मान्य एवं सिरोधार्य होगा तथा विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष द्वारा किये गये कार्यो का समर्थन, अनुमोदन वो सम्पुष्टि प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण करते हैं वो करेंगे। (केवल उन्हीं कार्यो का जो जमीन के डेवलपमेन्ट से संबंधित है और कानून के अन्दर है)

Luv Kush Homes And Construction Private Limited
Mg. Director

प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण के द्वारा की गयी घोषणा :–

(I) यह कि अनुसूची–1 में वर्णित भूखण्ड का मूल रकवा–50 डिसमिल है।

(II) यह कि उपरोक्त प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण की निजी वो खास सम्पति है एवं उनका दखल कब्जा शांति पूर्वक तरीके से है तथा वे निर्विवाद रूप से अनुसूची–1 में वर्णित भूखण्ड के स्वामीगण है। वो सभी तरह के ऋणभारो से विमुक्त है तथा सभी तरह के वाद–विवाद से पाक वो साफ है तथा किसी तरह का स्वामित्व से संबंधित किसी भी तरह का चुपस नहीं है एवं किसी भी तरह के दिवानी एवं फौजदारी मामलो अथवा भूमि हदबन्दी कानून के अन्तर्गत अधिग्रहण नहीं किया गया है और न किसी तरह का ऋण मुहैया ले रखी है। यह भी घोषित किया जाता है कि उक्त मूल भूखण्ड का (पट्टा किराया लाईसेन्सी अथवा बन्दोंवस्ती) उपहार स्वरूप किसी अन्य विशेष को सरकारी या गैर सरकारी संस्थाओं को भी नहीं दिया गया है।

8/7/13

(III) प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण यह भी घोषणा करते है कि उनके भूखण्डों के विरूद्ध पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी,भूमि हदबन्दी कार्यालय,भू-अर्जन कार्यालय तथा अन्य किसी तरह के सरकारी-गैर सरकारी संस्थाओं, सरकारी-गैर सरकारी वित्तीय संस्थाओं न्यायालय के द्वारा अनुसूची-1 में वर्णित भूखण्ड के अंश या पूर्ण भाग के लिए किसी तरह की अधिसूचना प्रेषित नहीं की गई है।

(IV) प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण यह भी घोषणा करते है कि उनके दखल कब्जे वाली उक्त भूखण्ड पर कोई हकियत दावा सम्पति अधिग्रहण, अटैचमेंट संबंधित अध्यादेश, सूचना एवं किसी तरह का निषेधाज्ञा नहीं किया गया है अथवा टैक्स संबंधित आयकर या बिक्रयकर राजस्व अधिकारियों द्वारा म्यूनिस्पल अधिकारियों द्वारा अथवा सरकारी अधिकारियों द्वारा सम्पति के पूर्ण या अंश भाग के लिए किसी भी तरह की अधिसूचना जारी नहीं की गयी है।

(V) किसी भी दिवानी या फौजदारी न्यायालय के द्वारा कुर्की जप्ती अथवा सम्पति अधिग्रहण के लिए या किसी दावो या दावा विशेष के लिए न्यायालय का फैसला या डिग्री यथावत स्थित बहाल करने का आदेश या मामला लम्बित नहीं है एवं दिवालिया संबंधित सूचना न्यायोचित आदेश का पारित नहीं किया गया है।

(VI) प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण यह भी घोषणा करते है कि कोई भी व्यक्ति या दावेदारी या हकदार उनके फरीकैन का सम्पति हिस्सा, दावा टाईटिल वगैरह उक्त भूखण्ड के दावा पूर्ण रूपेण या अंश भाग पर नहीं है या न तो हिन्दु अविभाजित परिवार की सम्पति ही है न ही साझेदारी सम्पति है। सम्पति सभी प्रकार के विघ्न, प्रतिबंध, भार एवं बाधा आदि से पूर्णतया मुक्त एवं साफ है।

(VII) यह कि प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण के द्वारा यह भी विश्वास दिलाया गया कि उक्त भूखण्ड के किसी पूर्ण या अंश भाग के लिए बयव्याना, एकरारनामा अथवा सम्पति का हस्तांतरण किसी भी व्यक्ति विशेष को उपहार या वसीयत के द्वारा निष्पादित नहीं किया गया है और नही भविष्य में करेंगे और न तो किसी साझेदारी या परिवार के किसी भी फरीकैनो का हिस्सा है।

(VIII) यह कि उक्त भूखण्ड से संबंधित सभी मूल दस्तावेज प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण के पास सुरक्षित रहेगा विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को कार्यालय में उपयोग हेतु फोटो प्रति दिया जायेगा। जरूरत पड़ने पर मूल दस्तावेज को प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

Luv Kush Homes And Construction Private Limited
Mg. Director

8/2/13

(IX) यह कि बहुमंजिली इमारत बनने के सभी तरह के खर्च का वहन इस एकरारनामा के निष्पादन की तिथि से विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष द्वारा उठाया जायेगा, जबकि विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष इस बात के लिए जबाबदेही नहीं होगे कि इस एकरारनामा के निष्पादन के पहले का बकाया राशि अथवा किसी तरह की जबाबदेही नहीं उठायेगें तथा उसकी जबाबदेही प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण ही होंगे।

(X) यह कि विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को यह अधिकार प्राप्त होगा कि जो भी निर्धारित स्वीकृति प्रस्तावित योजना से यदि थोड़ा कम या ज्यादा से प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामीगण के सहमति के पश्चात कर सकते है जो कि योजनाओं के वितरण या खण्ड भाग के लिए कम या ज्यादा से कर सके। यद्यपि कानून का उल्लंघन किसी भी हालत में नहीं होना चाहिए।

वाजे रहे कि इस वसीका के साथ अनुसूची–1 में सम्पत्ति का पूर्ण विवरण वर्णित है।

उपर वर्णित भूस्वामीगण के भुखंड का विवरणः–

अनुसूची–1

मवाजी–50 डिसमिल (पचास डिसमिल) समतुल्य–16कट्ठा (सोलह कट्ठा)परती भूमि, अवस्थित मौजा–सादिकपुर, महल्ला–सादिकपुर मंगलम कॉलोनी, परगना–फुलवारी,थाना–रूपसपुर, सर्वे थाना एवं अवर निबंधन कार्यालय–दानापुर, जिला निबंधन कार्यालय तथा जिला–पटना, जिसका मूल्यांकन थाना कोड नं0–064,रेभेन्यू थाना नं0–19(उन्नीस), तौजी नं0–5291, खाता नम्बर,सर्वे प्लौट नम्बर, रकवा एवं चौहद्दी नीचे दी गयी है।वर्णित सम्पति पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार(विघटित) एवं नगर परिषद दानापुर निजामत के अन्तर्गत है।

प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामी सं0–1 श्री केदार नाथ सिंह के सम्पति का विवरणः–

खाता नं0	प्लौट नं0	रकवा
199	283	12½ डिसमिल

चौहद्दी

उत्तर – सर्वे प्लौट नं0–284
दक्षिण – सर्वे प्लौट नं0–282
पूरब – सर्वे प्लौट नं0–252
पश्चिम– सर्वे प्लौट नं0–283 का अंश

प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामी श्री साकेत कुमार सिंह के सम्पति का विवरणः–

खाता नं0	प्लौट नं0	रकवा
102	271	07 डिसमिल

चौहद्दी

उत्तर – सर्वे प्लौट नं0–272
दक्षिण – सर्वे प्लौट नं0–271 का अंश
पूरब – सर्वे प्लौट नं0–271 का अंश
पश्चिम– सर्वे प्लौट नं0–299

Luv Kush Homes And Construction Private Limited
Mg. Director

8/7/13

खाता नं0	प्लौट नं0	रकवा
118	252	13 डिसमिल

चौहद्दी

उत्तर – सर्वे प्लौट नं0–245
दक्षिण – सर्वे प्लौट नं0–254
पूरब – सर्वे प्लौट नं0–252 का अंश
पश्चिम– सर्वे प्लौट नं0–282

प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के सम्पति का विवरणः–

खाता नं0	प्लौट नं0	रकवा
119	277	8½ डिसमिल

चौहद्दी

उत्तर – सर्वे प्लौट नं0–282
दक्षिण – सर्वे प्लौट नं0–276
पूरब – सर्वे प्लौट नं0–253
पश्चिम– सर्वे प्लौट नं0–277 का अंश

खाता नं0	प्लौट नं0	रकवा
122	282	09 डिसमिल

चौहद्दी

उत्तर – सर्वे प्लौट नं0–283
दक्षिण – सर्वे प्लौट नं0–277
पूरब – सर्वे प्लौट नं0–252
पश्चिम– सर्वे प्लौट नं0–282 का अंश

Luv Kush Homes And Construction Private Limited
Mg. Director

मूल्यांकन

वर्णित भूखण्ड का सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य मो0–2,75,00,000/–(दो करोड पचहत्तर लाख रूपये) मात्र पर मुद्रांक एवं निबंधन शुल्क देय है।

अनुसूची–2

1. फाउन्डेशन – आर.सी.सी. पाईलिंग, स्ट्रक्चर डिजाईन के अनुसार
2. स्ट्रक्चर – आर.सी.सी. फ्रेम स्ट्रक्चर, सिमेन्ट (लफार्ज/ए.सी.सी.)
3. सिविल वर्क – प्रथम श्रेणी ईट वर्क एवं सिमेन्ट मोर्टार के साथ
4. छत्त – आर.सी.सी. सिमेन्ट
5. फर्स – मार्वल/वैट्री फाईड टाईल्स
6. प्लास्टर – सिमेन्ट मोर्टार (1:6) सीलिंग (1:4),
7. दरवाजा – अच्छे क्वालिटी का लकड़ी चौखट (सखुआ) एवं दरवाजा वाटर प्रुफ फलस डोर (फलस प्राईमर सहित)डोर लुकिंग ग्लास के साथ
8. खिड़की – अच्छे क्वालिटी का लकड़ी चौखट पल्ला (गम्हार), खिड़की शीशा लगाकर ग्रील के साथ

9. रसोई घर	–	ग्रेनाईड का वर्किंग प्लेटफार्म, स्टील सिंक तथा दिवाल में 2 फीट टाईल्स साथ ही जल आपूर्ति फिटिंग ठंडा एवं गर्म नल फिटिंग
10. बाथरूम	–	दिवाल में सात फीट ग्लेज्ड फिसलन रहित टाइल्स, फ्लोरिंग साथ ही जल आपूर्ति फिटिंग,ठंडा एवं गर्म नल फिटिंग, (एस्को/मार्क),चीनी मिट्टी का पैन फिटिंग एवं वेसिन(पैरीवेयर/हिन्दवेयर) एवं बाथरूम का दरवाजा चौखट फाईवर का
11. विद्युत वायरिंग	–	कैन्सिल्ड पी.वी.सी.कौन्ड्यूट वायरिंग सहित स्टेन्र्ड (आई.एस.आई)क्वालिटि का फिटिंग स्वीच (हैवेल्स)
12. दिवाल फिनिसिंग	–	अन्दर में वालपुट्टी वो बाहर में वेदर कोटेड पेन्ट
13. टी.भी प्वाईट	–	सभी रूम एवं ड्रांइग रूप में एक-एक प्वाईट
14. टेलीफोन प्वाईट	–	सभी रूम एवं ड्रांइग रूप में एक-एक प्वाईट
15. सिवरेज	–	सिवरेज डिजाईन के अनुसार उपर्युक्त व्यवस्था के साथ
16. जेनेरेटर	–	जलापूर्ति तथा कॉमन क्षेत्र के साथ पूरे फ्लैट के लिए 300 वाट ऑटो जेनेरेटर क्रिलोस्कर/महेन्द्रा
17. समरसेवुल पम्प	–	बहुमंजिली इमारत निर्माण के अनुपात होगा।
18. आउटर वाल	–	स्टैन्ड्रेड एज पर डिजाईनर
19. लिफ्ट	–	ओटिस/कोने अथवा ब्राण्डेड कम्पनी का
20. छड़/सरिया	–	आई.एस.आई. मार्का
21. सिमेन्ट/ईट	–	उच्च कोटि का एवं ईट प्रथम श्रेणी (लफार्ज/ए.सी.सी.)
22. ए0सी0प्वाईट	–	सभी रूम एवं ड्रांइग रूप में एक- एक प्वाईट

23. बहुमंजिली इमारत बनाने का प्रस्ताव है लेकिन पी0 आर0 डी0ए0/पटना नगर निगम/द्वारा स्वीकृत नक्शा के अनुसार विकासकर्त्ता को प्रस्तावित बहुमंजिली इमारत(अपार्टमेन्ट) का निर्माण करना होगा।

Luv Kush Homes And Construction Private Limited

Jay Prakash Singh
Director

Jay Prakash Singh
8/5/13

मैं, केदारनाथ सिंह, (एटर्नी/एजेन्ट) प्रमाणित करता हूँ कि मेरे द्वारा किया गया उपस्थापित बिक्रय विलेख में अंकित सम्पति के मूल भूस्वामी/ प्रिंसपल जीवित हैं तथा मेरे जानकारी के अनुसार मूल भूस्वामी/प्रिंसपल द्वारा मोख्तार नामा आम को रद्द नही किया/ वापस नहीं लिया गया है और मोख्तारनामाआम वर्तमान में प्रभावशील है।

Kedar Nath Singh
3/2/13
एटर्नी/एजेन्ट का हस्ताक्षर

मूल भूस्वामी/प्रिंसपल का हस्ताक्षर, पाँच अंगुलियों का निशान तथा छाया चित्र





Sant Kumar Singh





Sailendra Kumar



[illegible] भूस्वामी के [illegible] से [illegible] का मिलान
[illegible], ले सही प्रतीत होता है
12/02/13

निम्न गवाहों की उपस्थिति में उभय पक्षों ने इस विकास एकरारनामा (डेवलपमेन्ट एग्रीमेन्ट) को पढ़कर, पढ़वाकर सुन समझकर बिना किसी जोर या दबाव के स्वस्थ मन एवं दिमाग से अपने-अपने शुभचिन्तकों एवं कानूनी सलाहकारो से विचार विमर्श कर इस पर हस्ताक्षर बनाया ताकि समय पर काम आवे वो प्रमाण रहे।

गवाहगण का हस्ताक्षर-

1. विकास कुमार
S/o स्वर्गीय ओम प्रकाश
मोहल्ला रानीडेहरी के पश्चिम
राजा बाजार
PO- बी० एम० कालेज
PS- एयरपोर्ट 31581
पटना-14. 08/01/13

2. Ajay Kumar
S/o- Sri K P Lal
Akashwani Road
Khajpura,
PO- B V College
P.S - Shastri Nagar
Patna-14
9.02.2013

(प्रथम पक्ष) 8/1/13
भू-स्वामीगण का हस्ताक्षर

For Jay Kush Homes And Construction Private Limited
Jay Prakash 8/2/13
Mg. Director

(द्वितीय पक्ष)
बिल्डर का हस्ताक्षर

टंकणकर्त्ता
राम प्रवेश केशरी
समाहरणालय, पटना।

प्रारूपकर्त्ता

Endorsement of Certificate of Admissibility

Admissible under Rule 5 : duly Stamped (or exempted from or does not require stamp duty) under the Indian Stamp Act, 1899, Schedule I or I-A, No. '05'. Also admissible under section 26(a) of the B. T. Act.

Stamp duty paid under Indian Stamp Act	Rs. 550100/-	Amt.Paid By N.J Stamp Paper	Rs. 5000/-
Addl.Stamp duty paid under Municipal Act	Rs. 0/-	Amt.paid through Bank Challan	Rs. 546129/-

Registration Fee

FEE PAID

A1	0	C	0	H1b	0	K1a	0	Lii	0		
A8	0	D	0	H2	0	K1b	0	Liii	0		
A9	0	DD	0	I	150	K1c	0	Mb	25		
A10	0	E	250	J1	0	K2	0	Na	54		
B	0	H1a	0	J2	0	Li	0				
								TOTAL-	479		

Total amont paid (Reg. fee+LLR, Proc+Service Charge) in Rs. - 1029

LLR + Proc Fee		Service Charge
LLR	0	550
Proc.Fee	0	
Total	0	

Registering Officer
Patna

Date: 12/02/2013

Endorsement under section 52

Presented for registration at Registration Office, Patna on Tuesday, 12th February 2013 by Kedar Nath Singh(Agent) S/O Late Jugal Kishore Singh by profession Others. Status - Executant

Kedar Nath Singh
12/2/2013

Signature/L.T.I. of Presentant **Date:12/02/2013**

Registering Officer
Patna

Endorsement under section 58

Execution is admitted by those Executants and Identified by the person (Identified by 'Vikash Kumar' age '38' Sex 'M', 'Om Prakash Prasad', resident of 'Raja Bazar,patna'.), whose Names, Photographs, Fingerprints and Signatures are affixed as such on back page / pages of the instrument.

Registering Officer
Patna

Date : 12/02/2013

Endorsement of Certificate of Registration under section 60

Registered at Registration Office Patna in Book 1 Volume No. 69 on pages on 14 -33 , for the year 2013 and stored in CD volume No. CD-11 year 2013 . The document no. is printed on the Front Page of the document.

Registering Officer
Patna

Date : 12/02/2013

Token No. : 3448 **Year : 2013** **S.No. : 3386** **SCORE Ver.3.0** **Deed No . : 3202**

3002014122058

आदेश सं० _____ शब्दों में (रु० _____)

चतुर्थ प्रति बिहार सरकार

(सरकार कार्यालय हेतु) निबंधन विभाग गैर सायड

दस्तावेजों के निबंधन के लिए जमा किए जाने वाले स्टाम्प शुल्क/निबंधन शुल्क एवं भूस्वामी के विकास शुल्क के भुगतान के लिए बैंक चालान

1. पक्षकार का नाम/पता मेसर्स एम० इला होम्स एण्ड कन्स्ट्रक्शन
(जिसकी ओर से जमा किया जा रहा है) प्लॉट नं० 1, पत्रा-आकाशवानी

2. दस्तावेज का प्रकार बी०, फ्लैटपुरा, पटना-14

3. निबंधन कार्यालय ईस्ट एण्ड वेस्ट कमर्शियल

4. बैंक का नाम एवं शाखा पटना सदर

5. भुगतान की जानेवाली राशि का विवरण भा० स्टे० बैंक० पटना

क्र०सं०	भुगतान का मद एवं शीर्ष	रकम
(क)	स्टाम्प शुल्क-मुख्य शीर्ष-0030-स्टाम्प एवं पंजीकरण-उप-मुख्य शीर्ष 02-स्टाम्प [illegible] शीर्ष-104-दस्तावेजों पर स्टाम्प शुल्क तथा-उप शीर्ष 0001, प्राथमिक इकाई-7549 सकल प्राप्तियाँ विपत्र कोड-R0030021030001	5,45,100 220
(ख)	निबंधन शुल्क-मुख्य शीर्ष-0030-स्टाम्प एवं पंजीकरण शुल्क उप-मुख्य शीर्ष-01 पंजीकरण शुल्क [illegible] शीर्ष-104-दस्तावेजों पर पंजीकरण शुल्क-उप शीर्ष 0001, प्राथमिक इकाई-7549 सकल प्राप्तियाँ विपत्र कोड-R0030031040001	250 54 175 479
(ग)	भूस्वामी शुल्क-मुख्य शीर्ष-3029 भू उपयोग तथा शीर्ष-800-अन्य प्राप्तियाँ-उप शीर्ष-0006 अन्य मदें-प्राथमिक इकाई-7549 भूमि निबंधन शुल्क से आय विपत्र कोड-R0029008000006	1
	भुगतान का माध्यम (नकद/चेक/ड्राफ्ट) [illegible] कुल राशि अंक में [illegible] कुल योग	5,45,579

स्थान पटना
तारीख 24/12/12

जमाकर्ता का नाम एवं हस्ताक्षर

चेक/ड्राफ्ट का विवरण पीठ पर अंकित कर दें।

चेक/ड्राफ्ट की राशि अन्तर्गत होने के पश्चात ही मान्य होगी।

FOR USE OF THE BANK

रसीद सं० _____ जमा _____ उपर्युक्त खाते में

संख्या 05 में दिए गये विवरण के अनुसार रु०

शब्दों में _____

प्राधिकृत पदाधिकारी का हस्ताक्षर एवं मुहर

निबंधन हेतु संबंधित ऑनलाइन जमा/कटौती का विवरण

राशि रु० _____ शब्दों में _____

जमा करने की तिथि :

चेक रसीद सं०

बैंक का प्राप्ति एवं मुहर

2055

जमा पर्ची/Pay-in-slip नकद/अंतरण/CASH/TRANSFER

भारतीय स्टेट बैंक
State Bank of India

_____ शाखा/Branch

दिनांक/Date 27/12/2012

खाते का प्रकार : बचत बैंक/चालू खाता/आवर्ती जमा/कैश क्रेडिट खाता/सावधि ऋण खाता/Type of Account : SB/CA/RD/CC/DL/TL A/c. No.

8	1	1	0	4	9	[illegible]	[illegible]	0	4	2	

के बैंक खाते में जमा करने हेतु/For the credit of the Bank Account of _____

नकद/चेकों के विवरण/पृष्ठ का दूसरी ओर/Details of Cash/Cheques/Overleaf	राशि/Amount ₹/Rs. P/P.
खाते में नकद/Cash deposit in the account	550 [illegible]
चेकों संग्रहण शुल्क/Cheque handling charges	[illegible]
कुल जमा राशि/Total Deposit	[illegible]

रुपये (शब्दों में)/Rupees (in words) _____

(कार्यालय उपयोग के लिए/FOR OFFICE USE)

एस.डब्लू.ओ./SWO	लेखा अधिकारी/खजांची अधिकारी Cash Officer/Passing Officer

Code 596 / 2005/04 ORIENTAL

Mob. 9471000591

ELECTION COMMISSION OF INDIA
IDENTITY CARD
भारत निर्वाचन आयोग
पहचान पत्र

jbx1754563



Elector's Name	: Vikas Kumar
निर्वाचक का नाम	: विकास कुमार
Father's Name	: Aum Prakash Prasad
पिता का नाम	: ओम प्रकाश प्रसाद
Sex / लिंग	: Male /पुरुष
Age	: 28 Years as on 1.1.2003
आयु	: २८ वर्ष १.१.२००३ को

Address : 34,, Rajabazar,
Town/Vill - Patna,
Anchal - Patna Sadar,
Distt - Patna - 8000 14

पता : ३४,, राजाबाजार,
शहर/गाँव - पटना,
अंचल - पटना सदर,
जिला - पटना - ८०००१४

Facsimile Signature of
Electoral Registration Officer
188,PATNA (WEST) Constituency
१८८, पटना (पश्चिम) निर्वाचन क्षेत्र
के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
के हस्ताक्षर की अनुकृति

jbx1754563

Place : Patna Sadar Date : 16/03/2004
स्थान : पटना सदर दिनांक : १६/०३/२००४

This Card may be used as an Identity Card under different Government Schemes.
इस पत्र को विभिन्न सरकारी योजनाओं के अन्तर्गत पहचान पत्र के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।

पहचान

विकास कुमार

S/o:→ स्वर्गीय ओम प्रकाश प्रसाद
विशाल रेसीडेंसी के पीछे
राजा बाजार
P.O:→ बी. आर. कॉलेज
P.S→ हार्डिंग ब्रिज
पटना-14

08/02/13

Plot 278

Serial No. 20408 Book No. 1 Deed No. 19608



बिहार BIHAR 692837

Serial No. 20408 Deed No. 19608

Govt. of Bihar
District Registry Office, Patna
Summary of Endorsement

This document was presented for registration on 01/07/2013 by Alok Kumar Urf Alok Kr. Singh
A Stamp Duty of Rs. 409500/- and other Fees of Rs. 1029/- has been paid in it.
The document was found admissible. The Names, Photographs, Fingerprints and Signatures of the Executants and their Identifier, who have admitted execution before me, are affixed on the reverse page.
The document has been registered as Deed No. 19608 in Book No. 1, Volume No. 429 on pages from 403 to 422 and has been preserved in total 20 pages in C.D. No. 66 / Year 2013

Date: 01/07/2013 Token No: 20904 /2013

Signature with Date
(Ashok Kumar Thakur)
Registering Officer, Patna

28 MAY 2013

SCANNED

विकास एकरारनामा
(Development Agreement)

यह विकास एकरारनामा/उन्नयन मनोबंध आज दिनांक 01.07.2013 ई० को प्रथम पक्ष एवं द्वितीय पक्ष के बीच निष्पादित किया जाता है।

For Kush Homes And Construction Private Limited
Mg. Director

District Registry Office,Patna

Token Number 20904 Reg. Year 2013 Serial Number 20408 Deed Number 19608

PresType	Name	Photo	Thumb	Index	Middle	Ring	Little
Presented By	Alok Kumar Urf Alok Kr. Singh						
Sig.	अलोक कुमार 1.7.2013						
Executant	Alok Kumar Urf Alok Kr. Singh		N/A	N/A	N/A	N/A	N/A
Sig.							
Identified By	Bikash Kumar						
Sig.	बिकास कुमार 01/07/2013						
Claimant	Jay Prakash (M. Dir.)						
Sig.	Jay Prakash 11/07/13						

SCORE Ver.3.0 Powered by InfoSystem and Solutions,Patna Biometric Captured By 2800sop007

(1) प्रथम पक्ष (जमीन मालिक/भूस्वामी) :-
श्री आलोक कुमार उर्फ आलोक कुमार सिंह सिंह पिता-श्री बैजनाथ सिंह,निवास स्थान-खाजपुरा,पत्रालय-बिहार भेटनरी कॉलेज, पटना-14,थाना-हवाई अड्डा,जिला-पटना, वर्तमान निवासी-आरा गार्डेन रोड,पत्रालय-बिहार भेटनरी कॉलेज, थाना-रूपसपुर,जिला-पटना, भारतीय नागरिक। जिन्हें आगे भूखण्ड स्वामी के नाम से सम्बोधित किया गया है। जिन्हें इसमें प्रथम पक्ष कहा गया है।

(2) द्वितीय पक्ष बिल्डर/डेवलेपर्स/भवन निर्माता :-
मेसर्स लव कुश होम्स एण्ड कन्स्ट्रक्शन प्रा० लि०, एक कम्पनी जो कम्पनीज एक्ट 1956 द्वारा निबंधित है, जिसका निबंधन संख्या-U45200BR2010PTC015671, पंजिकृत कार्यालय-आकाशवानी रोड,खाजपुरा, पटना-14, द्वारा प्रबंध निदेशक-श्री जय प्रकाश,पिता श्री सीता राम सिंह,निवासी-खाजपुरा,बिचली गली, पत्रालय-बिहार भेटनरी कॉलेज, थाना हवाई अड्डा, जिला-पटना,जिन्हें आगे बिल्डर/डेवलेपर्स/ भवन निर्माता के नाम से सम्बोधित किया गया है। जिन्हें इसमें द्वितीय पक्ष कहा गया है।

जमीन का विवरण :-
यह कि जमीन का मौजा-सादिकपुर, महल्ला-सादिकपुर मंगलम कॉलोनी,परगना-फुलवारी, थाना-दानापुर, वर्तमान थाना-रूपसपुर, जिला-पटना के थाना नं०-19 (उन्नीस),तौजी नं०-5291,खाता नं०-119,सर्वे प्लौट नं०-272 एवं 278 का अंश जिसका रकवा-21.5 डिसमिल (इक्कीस दशमलव पाँच डिसमिल) है। प्रथम पक्ष/भूस्वामी के रूप में स्वत्व धारित करते हुए निर्विवाद रूप से शांति पूर्वक दखल कब्जे में है। जिसका पूर्ण विवरण इस विलेख की अनुसूची-1 में वर्णित है। जो इस विलेख का भाग है।

यह कि अनुसूची-1 में वर्णित सम्पति भूखंड स्वामी का खानदानी वो मौरूसी सम्पति है जिसके निस्वत वजरिये बंटवारा खानगी बदरम्यान-1.श्री बैजनाथ सिंह वल्द स्व० जुंगी सिंह,2.श्री प्रेमनाथ सज्जन उर्फ शिवजी, 3.श्री श्रवण कुमार सिंह,4.श्री आलोक कुमार सिंह वल्दान श्री बैजनाथ सिंह- प्रथम पक्ष, 5.श्री भुवनेश्वर नाथ सिंह वल्द स्व० जुंगी सिंह, 6.श्री अमित सिंह,7.श्री सुमित सिंह,8.श्री संदीप सिंह वल्दान-श्री भुवनेश्वर नाथ सिंह-द्वितीय पक्ष के मध्य दिनांक-10.10.1999 ई० को हुआ और बंटवारा में अनुसूची-1 में वर्णित सम्पति सहित अन्य सम्पतियाँ श्री आलोक कुमार सिंह भूखण्ड स्वामी (प्रथम पक्ष) को खास हक एवं हिस्से में मिला और भूखण्ड स्वामी अपने हिस्से सम्पति पर शांति पूर्वक काविज दखिल वो मालिक मुस्तकिल रहते चले आते है तथा भूखण्ड स्वामी अपने हिस्से सम्पति से संबंधित भू-राजस्व रसीद कटवाते चले आते है जिसका जमाबंदी नं० [illegible] है। इसतरह

1-7-2013

Luv Kush Homes And Construction Private Limited
Dir. Director

भू-स्वामी लेख्य सम्पति पर स्वामी के रूप में, निर्विवाद रूप से,शांति पूर्वक दखल कब्जे में रहते चले आ रहे हैं और भूखण्ड स्वामी जमीन का एकरारनामा करने के लिए सक्षम है एवं सभी तरह के ऋण विभारो से मुक्त सम्पति है।

यह कि उपर वर्णित प्रथम पक्ष जो कि भूखण्ड स्वामी हैं तथा वर्णित रकवा के भूखण्ड पर भूखण्ड स्वामी का दखल कब्जा शांति पूर्ण ढंग से निर्विवाद रूप से चला आ रहा है एवं भूखण्ड स्वामी अपनी स्वेच्छा से अनुसूचि-1 में वर्णित भूखण्ड का रचनात्मक विकाश के साथ-साथ उक्त भूखण्ड पर आवासीय बहुमंजिला भवनों का निर्माण वर्णित भूखण्ड पर करवाने हेतु द्वितीय पक्ष विकासकर्त्ता के साथ यह भूखण्ड निर्माण विकास कार्य एकरारनामा का निष्पादन किया जाता है।

यह कि भूखण्ड निर्माण विकास एकरारनामा के तहत उभय पक्षों के मध्य इस एकरारनामा का निष्पादन आपसी सहमति एवं निर्धारित शर्तो पर किया जाता है।

यह कि उपरोक्त भूखण्ड प्रथम पक्ष की खास वा निजी जमीन है, जो सभी तरह के ऋण भारो जैसे- सरकारी संस्था, गैर सरकारी संस्था, बैंक ऋण, बिजली बिल, व्यक्ति ऋण, भार आदि से मुक्त एवं पाक साफ है।

यह कि प्रस्तावित बहुमंजिला भवनों का निर्माण भूखण्ड स्वामी के जमीन पर होगा। अतः भूखण्ड स्वामी अर्थात प्रथम पक्ष को निर्मित संरचना में 45% प्रतिशत Built up area और Super built up area का द्वितीय पक्ष के द्वारा निर्माण उपरांत दिया जाएगा। दूसरी ओर विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को सम्पूर्ण निर्मित क्षेत्र का शेष 55% प्रतिशत Built up area और Super built up area होगा इसीतरह भूतल पर पार्किंग में भी 45% प्रथम पक्ष जमीन मालिक को दिया जाएगा तथा 55% विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष का होगा जिसकी सहमति स्वीकृति के साथ प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामी वो विकासकर्त्ता के द्वारा दी जायेगी इसपर प्रथम पक्ष वो विकासकर्त्ता एवं इनके उत्तराधिकारीगण तथा अन्य किसी को किसी भी तरह की आपत्ति न है और न होगा। उपरोक्त बहुमंजिला भवन का निर्माण कार्य हेतु विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष के साथ दोनो पक्ष के बीच एक प्रस्तावित योजना के अनुरुप निर्धारित शर्तो का पालन करने का वादा कर इस एकरारनामा का निष्पादनार्थ अपनी सहमति देते हैं इसी प्रकार विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामी प्रस्तावित योजना के तहत सम्मिलित रूप से बहुमंजिला भवनो का निर्माण कार्य करने के उद्देश्य से राजी हुए हैं।

Luv Kush Homes And Construction Private Limited
Mg. Director

1.7.2013

यह कि पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/ पटना नगर निगम/ सक्षम पदाधिकारी के कार्यालय में दोनो पक्षो विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष वो प्रथम पक्ष भूखण्ड स्वामी के द्वारा उस पर प्रस्तावित कन्सट्रक्शन योजना के प्रारूप के लिए आदेश प्राप्ति का आवेदन करने की सहमति दिये है।

उपरोक्त योजना का प्रारूप नक्शे के साथ पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी के समक्ष योजना प्रारूप की स्वीकृति नक्शे के अनुसार भवन निर्माण कार्य द्वितीय पक्ष अपने खर्च से सूचारू रूप से निर्धारित समय सीमा के भीतर करेंगे।

यह कि भविष्य में यह बहुमंजिली इमारत बनने के बाद अगर पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी से पूर्व बने बहुमंजिली इमारत से उपर या अन्य स्थान पर निर्माण करने की स्वीकृति मिलती है तब इसका निमार्ण कार्य विकास कर्त्ता करेंगे प्रथम पक्ष के सहमति से और जो भी खर्च निर्माण में होगा उसका वहन द्वितयी पक्ष विकासकर्त्ता करेंगे। इस अतिरिक्त निर्माण में भी प्रथम पक्ष का हिस्सा 45% होगा।

विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष एवं भूखण्ड स्वामी प्रथम पक्ष के बीच इस एकरारनामा के तहत निम्नलिखित शर्ते होंगे।

1. यह कि उपर वर्णित प्रथम पक्ष अर्थात भूखण्ड स्वामी अपने उक्त भूखण्ड को, विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष की नियुक्ति उपर वर्णित भूखण्ड क्षेत्र पर प्रस्तावित योजना एवं बिहार अपार्टमेन्ट स्वामित्व अधिनियम,2006 के प्रारूप के अनुसार बहुमंजिला भवनो का निर्माण कार्य एक निर्धारित अवधि के अन्दर नियम एवं शर्तो के अनुसार विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष करेंगे।

2. यह कि प्रथम पक्ष अर्थात भूखण्ड स्वामी अनुसूची–1 में वर्णित भूखण्ड पर बहुमंजिली इमारत के निर्माण हेतु विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को अधिकार देते हैं कि विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष अपने हस्ताक्षर के द्वारा पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी के यहाँ नक्शा स्वीकृति हेतु सभी तरह के आवेदनो/नक्शा पर अपना हस्ताक्षर कर दे सकते हैं तथा नक्शा स्वीकृति कराकर अनुसूची–1 में वर्णित भूखण्ड पर बहुमंजिली इमारत का निर्माण करेंगे भविष्य में यह बहुमंजिली इमारत बनने के बाद पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी से पूर्व में बने बहुमंजिली इमारत से उपर [illegible] पर

Luv Kush Homes And Construction Private Limited
Mgr. Director

निर्माण करने की स्वीकृति के लिए भी संशोधित योजना हेतु विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष अपने हस्ताक्षर के द्वारा पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी के यहाँ नक्शा स्वीकृति हेतु दे सकते हैं तथा नक्शा स्वीकृति कराकर अनुसुचि-1 में वर्णित भूखण्ड पर पूर्व में बने बहुमंजिली इमारत से उपर या अन्य स्थान पर बहुमंजिली इमारत का निमार्ण विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष करेंगें जिसमें प्रथम पक्ष को 45% हिस्सा द्वितीय पक्ष द्वारा अनुसूची-1 में वर्णित भूखण्ड के अनुरूप दिया जायेगा।

3. यह कि भूखण्ड स्वामी/प्रथम पक्ष इस विकास एकरारनामा के द्वारा विकासकर्त्ता/द्वितीय पक्ष को इस एकरारनामा के तत्वधान में विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष के निर्माण कार्यो की प्रगति हेतु अधिकार दिये जाते हैं तथा ये सभी अधिकार विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को दिये जाते हैं जिसके अनुसार विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष के द्वारा प्रस्तावित योजना के प्रगति हेतु बहुमंजिला भवनो का निमार्ण करवाने एवं अपने हिस्से क्षेत्र के लिये किसी से एकरारनामा करने, बिक्रय करने, दखल कब्जा देने, लेटर ऑफ पोजिशन देने, तथा विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष के आवंटित हिस्से को निष्पादन हेतु भूखण्ड स्वामी प्रथम पक्ष सभी तरह के अधिकार द्वितीय पक्ष को देते हैं एवं विकासकर्त्ता/द्वितीय पक्ष, भूखण्ड स्वामी/प्रथम पक्ष के आवंटित हिस्सा को इसमें सम्मिलित नहीं करेंगे। क्योंकि भूखण्ड स्वामी अपने-अपने हिस्से के निर्मित क्षेत्र एवं परम निर्मित क्षेत्र को अपने-अपने इच्छा अनुसार उपयोग वो उपभोग अथवा बिक्रय,एकरारनामा वगैरह करेंगे। द्वितीय पक्ष अपने खरीदारों को लेटर ऑफ पॉजेशन देने के पहले प्रथम पक्ष को उनका हिस्सा का पॉजेशन दे देंगे।

4. यह कि भूखण्ड स्वामी प्रथम पक्ष ने अपने भूखण्ड का दखल कब्जा विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को भूखण्ड का विकास बहुमंजिला भवनो का निर्माण कार्य हेतु दे दिया हैं और विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष प्रस्तावित योजना प्रारूप की स्वीकृति पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (विघटित)/पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी से लेंगे विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष विकास एवं निर्माण कार्य की शुरूआत नक्शा पास होने की तिथि के उपरांत निर्माण कार्य की शुरूआत करने के लिए स्वतंत्र होंगे और निर्धारित अवधि के अन्दर निर्माण कार्य को पुरा करने के बाद भूखण्ड स्वामी प्रथम पक्ष को विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष उनके आवंटित हिस्से को बनाकर भूखण्ड स्वामी प्रथम पक्ष को सुपूर्द करेंगे। विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष इनके उत्तराधिकारी, कार्यालय उत्तराधिकारी एवं प्राधिकृत एजेन्ट एवं चयनित उत्तराधिकारी गण भूखण्ड स्वामी प्रथम पक्ष के हिस्से के आवंटित हिस्से क्षेत्रों के फ्लैटो एवं भूतल पर पार्किंग वो अन्य स्थान की बिक्रय वगैरह नहीं करेंगे। यदि विकासकर्त्ता प्रोजेक्ट को

Luv Kush Homes And Construction Private Limited
Mg. Director
1-7-2013

नक्शा पास होने के छः माह के अन्दर विकास कार्य शुरू नहीं करते है तो यह एकरारनामा रद्द माना जायेगा।

5. यह कि इस एकरारनामा के तहत विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को सिर्फ उनको आवंटित हिस्से के निर्मित क्षेत्र से ही सरोकार होगा और भूखण्ड स्वामी प्रथम पक्ष के आवंटित हिस्से के निर्मित क्षेत्र से कोई सरोकार या दावा विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष नहीं करेंगें। इस तरह भूखण्ड स्वामी प्रथम पक्ष को सिर्फ उनको आवंटित हिस्से के निर्मित क्षेत्र एवं परम निर्मित क्षेत्र से ही सरोकार होगा और विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष के आवंटित हिस्से के निर्मित क्षेत्र में कोई सरोकार या दावा भूखण्ड स्वामी प्रथम पक्ष नहीं करेंगे।

6. यह कि इस एकरारनामा के तहत दोनो पक्षो यह भी विश्वास दिलाते हैं कि प्रस्तावित योजना प्रारूप के अनुसार कुल सुपर (परम) निर्मित क्षेत्र मे प्रस्तावित सुविधाओं के साथ भवनो को उपयोग एवं उपभोग आवंटित हिस्से पर स्वयं अथवा उनके उत्तराधिकारीगण अथवा खरीदार वगैरह अथवा सोसाईटी के लिए स्वतंत्र होंगे।

7. यह कि विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष प्रथम पक्ष को विश्वास दिलाते हैं कि प्रस्तावित योजना का नक्शा पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार(विघटित)/पटना नगर निगम/सक्षम पदाधिकारी से स्वीकृति मिलने की तिथि से इस प्रारूप के अनुसार निर्माण कार्य 04(चार) वर्ष इसके अतिरिक्त छः माह का समय विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को ग्रेस अवधि के रूप में समय विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष को भूखण्ड स्वामी प्रथम पक्ष द्वारा दिया जायेगा,के भीतर उक्त भूखण्ड पर बहुमंजिला भवनो का निर्माण कर भूखण्ड स्वामी प्रथम पक्ष के हिस्से के आवंटित क्षेत्रों के फ्लैटो का निर्माण विकासकर्त्ता द्वितीय पक्ष भूखण्ड स्वामी प्रथम पक्ष का पुरा हिस्सा दखल कब्जा दे देंगे बसर्ते की प्राकृतिक अप्रत्याशित घटना आदि निर्माण कार्य में बाधा ना पहुचाए तथा उन प्राकृतिक समयो का निर्माण के लिए निर्धारित अवधि में गणना नहीं की जायगी।

